Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to set up a campus of Mahatma Gandhi Central University in Valmikinagar Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री सुनील कुमार (वाल्मीकिनगर) : महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं कि बिहार का चंपारण दो जिले पूर्वी चंपारण एवं पश्चिमी चंपारण में विभाजित है । मेरा संसदीय क्षेत्र वाल्मीकिनगर पश्चिम चंपारण जिले में आता है । वाल्मीकिनगर बिहार का सीमांत एवं आदिवासी क्षेत्र है। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय का एक पश्चिमी कैंपस मेरे संसदीय क्षेत्र में स्थापित कर दिया जाए, तो इस आदिवासी तथा सीमांत क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए एकमात्र विश्वविद्यालय होगा। देश की राजधानी दिल्ली में भी नॉर्थ कैंपस तथा साउथ कैंपस स्थापित है, उसी तर्ज पर महात्मा गाँधी विश्वविद्यालय का पश्चिमी कैंपस मेरे संसदीय क्षेत्र वाल्मीकिनगर में स्थापित कर दिया जाए, तो इस जनजातीय क्षेत्र का कायाकल्प हो जाएगा। अतः मैं सदन के माध्यम से सरकार से मांग करता हूं, कि महात्मा गांधी विश्वविद्यालय का पश्चिमी कैंपस मेरे संसदीय क्षेत्र में स्थापित किया जाए, जिससे इस पिछड़े

क्षेत्र के विद्यार्थी अपने भविष्य को उज्जवल बना सके।